Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a CGHS Dispensary in Narnaul city, Haryana.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): सभापति महोदय, पैरा-मिलिट्री के जवान पूरे भारत में सबसे ज्यादा हरियाणा से हैं और अकेले जिला महेन्द्रगढ़, नारनौल, रेवाड़ी, झज्जर, भिवानी व आसपास राजस्थान के खेतड़ी, सिंघाना, बुहाना, चिड़ावा, नीम का थाना, बहरोड़ को मिलाकर तकरीबन 15 हजार से ज्यादा सेवारत एवं सेवानिवृत्त अर्धसैनिक परिवार निवास करते हैं और नारनौल इनका सेंटर पड़ता है ।

अत: नारनौल शहर में सीजीएचएस डिस्पेंसरी की स्थापना की जाए, ताकि अर्धसैनिक बलों के परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके ।

नारनौल हरियाणा में सीजीएचएस डिस्पेंसरी खुलने से न केवल अर्धसैनिकों को लाभ होगा, बल्कि हजारों केन्द्रीय कर्मचारियों को भी फायदा होगा ।